सीईटी का रिजल्ट घोषित, 10 दिन में ग्रुप-सी के 42 हजार पदों पर भर्ती निकलेगी

मैरिट वाले परीक्षार्थियों को 52 श्रेणियों में बांटा, स्क्रीनिंग टेस्ट होगा

भास्कर न्यूज | राजधानी हरियाणा

ग्रुप-सी के लिए नवंबर में हुए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का परिणाम मंगलवार को घोषित हो गया। रिजल्ट तैयार करने में दो माह 4 दिन का समय लगा। मैरिट में आने वाले परीक्षार्थियों का स्क्रीनिंग टेस्ट होगा। इससे पहले उनसे पसंद के विभाग पूछे जाएंगे। इन्हें 52 श्रेणियों में बांटा गया है। सीईटी में सामान्य वर्ग के लिए 95 में से 47.5 और रिजर्व श्रेणी के लिए 38 अंक जरूरी थे। ये क्वालीफाई अंक हैं। सीईटी में कुल कितने परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए है, आयोग बुधवार को इसका आंकड़ा जारी करेगा। एचएसएससी के चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी का कहना है कि अभी क्वालीफाई परीक्षार्थियों का डेटा फाइनल नहीं हुआ है, यह बुधवार को जारी होगा। 10 दिन में ग्रुप-सी के करीब 42 हजार पदों के लिए भर्ती का विज्ञापन जारी हो जाएगा। वहीं, आवेदकों को पीपीपी में दर्ज की आय के आधार पर सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 5 अंक मिले हैं। जिनकी आय में संशय नहीं है, उनका रिजल्ट स्पष्ट रूप से घोषित किया जा चुका है, जिनकी आय में संदेह है, उनके परिणाम के आगे प्रोविजनल लिखा गया है। आय जांच के बाद रिजल्ट पर अंतिम निर्णय होगा।

ग्रुप-डी के लिए नए आवेदन होंगे

मान्य... ग्रुप-डी के लिए दो दिन में विज्ञापन जारी कर विभागवार पोस्ट बताई जाएंगी। ग्रुप-डी के लिए नए आवेदन भी मान्य होंगे। इसके लिए 7 दिन का समय दिया जाएगा।